आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 30.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- वित्तीय सेवा विभाग ने लावारिस वित्तीय संपत्तियों से संबंधित जानकारी सुगमता से पहुंचाने के लिए कॉमन लैंडिंग पोर्टल शुरू किया हैं।
- गोवा स्थापना दिवस के अवसर पर उप–राज्यपाल ने कहा–यह राज्य भारत के विकास और उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देता आ रहा है।
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से द्वीपों में लाइव कार्यक्रमों के लिए लाइसेंस और अनुमति के लिए कार्यकारी आदेश, 2026 जारी किया गया है।
- श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ जून से उन्नीस जून तक आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><>

वित्तीय सेवा विभाग ने लावारिस वित्तीय संपत्तियों से संबंधित जानकारी लोगों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए कॉमन लैंडिंग पोर्टल शुरू किया है। यह पोर्टल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के समूह–पीएसबीए के सहयोग से विकसित किया गया है। पीएसबीए देश के 12 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक केंद्रीकृत कंपनी है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि पोर्टल www.unclaimedassetsportal.in एकीकृत मंच के रूप में कार्य करता है, जो वित्तीय प्रणाली से जुड़े ऐसे बैंक खातों, बीमा दावों, शेयरों, लाभांश और म्यूचुअल फंड से संबंधित जानकारी लोगों तक पहुंचाता है, जिनका कोई दावेदार नहीं है। कॉमन लैंडिंग पोर्टल अधिक सुलभ, पारदर्शी और नागरिक–केंद्रित वित्तीय के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने गोवा स्थापना दिवस के अवसर पर, द्वीपों में रहने वालों लोगों को, हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन राष्ट्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध साथ ही अपनी समृद्ध परंपराओं, कलात्मक उत्कृष्टता और मजबूत लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी समान रूप से सराहा जाता है।

उप–राज्यपाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में, इस राज्य ने पर्यटन, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है, उन्होंने सतत विकास को प्रगति के साथ सामंजस्यपूर्ण ढंग से भारत के विकास और उन्नति में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने की अपील की है।

<><><><><><>

द्वीपसमूह को वैश्विक स्कूबा डाइविंग डेस्टिनेशन के तौर पर और मज़बूत बनाने की दिशा में प्रशासन ने नई पहल शुरू की है। इसके तहत उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी.के. जोशी के समक्ष विशेष प्रस्तुति दी गई। जिसमें नए डाइव साइट्स और North Bay Swaraj Dweep, Shaheed Dweep, Long Island, Aves Island जैसे द्वीपों में कृत्रिम रीफ़्स, जहाज़ के मलबे में डाइविंग और समुद्री थीम वाले इंस्टॉलेशन के विकास पर चर्चा की गई। इससे टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, प्राकृतिक रीफ़्स का संरक्षण होगा। इस अवसर पर प्रशासन के मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय डाइविंग एवं उद्योगों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय, अंडमान निकोबार प्रशासन द्वारा, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से आयोजित चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म फेस्टिवल में कल हिंदी फिल्म 'मिर्च मसाला' प्रदर्शित की गई। यह महोत्सव 21 जून तक चलेगा; जिसमें हर शुक्रवार और शनिवार को फिल्मों की स्क्रीनिंग की जाएगी। इसी क्रम में आज भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण सभागार में सुबह 11 बजे विलेज रॉकस्टार्स' और शाम 5:30 बजे 'मंजुम्मेल बॉयज़' फिल्में दिखाई जाएंगी। 'इच्छुक प्रतिभागी फिल्मों की स्क्रीनिंग के लिए पंजीकरण, निदेशालय के आधिकारिक प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से प्रसारित QR कोड के ज़रिए कर सकते हैं, जो पूरी तरह निःशुल्क हैं। निदेशालय ने छात्रों, स्थानीय फिल्म निर्माताओं, फोटोग्राफरों, ड्रोन ऑपरेटरों, ट्रैवल व्लॉगर्स, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, थिएटर ग्रुप्स, फिल्म क्लबों, पर्यटकों और आम जनता के सदस्यों को इस फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><>

सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से पर्यटन, सांस्कृतिक गतिविधियों, मनोरंजन, खेल और व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से द्वीपों में लाइव कार्यक्रमों के लिए लाइसेंस और अनुमति के लिए कार्यकारी आदेश, 2026 जारी किया गया है।

इसका उद्देश्य द्वीपों में संगीत समारोहों, उत्सवों, प्रदर्शनियों, खेल आयोजनों, सम्मेलनों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और अन्य लाइव कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अनुकूल ढांचा तैयार करना है। यह एक सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम पेश करता है, जिसके माध्यम से आयोजक पुलिस, यातायात, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, नगरपालिका और आबकारी संबंधी सभी आवश्यक अनुमतियों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसपर दस दिनों के भीतर कार्रवाई की जाएगी, जबकि तत्काल श्रेणी के तहत आने वाले अत्यावश्यक आवेदनों पर दो दिनों के का समय लगेगा। यह आदेश आवेदनों के वास्तविक समय में ट्रैकिंग, डिजिटल भुगतान, ऑनलाइन सूचना और अनुमोदनों की पारदर्शी निगरानी की सुविधा भी प्रदान करेगा। यह सुव्यवस्थित प्रणाली स्थानीय कलाकारों, उद्यमियों, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों, आतिथ्य क्षेत्र और संबद्ध सेवा प्रदाताओं के लिए भी अवसर प्रदान करेगा, जिससे द्वीपों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में कैट की सर्किट बैठक आठ जून से उन्नीस जून तक वचुर्अल माध्यम से आयोजित की जाएगी। जिसमें न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन, और प्रशासनिक सदस्य सुचित्तो कुमार दास, मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले CAT में लंबित है उनसे संबंधित दस्तावेजों के साथ सरकारी अधिवक्ता और पैनल अधिवक्ताओं से संपर्क करने को कहा गया है। साथ ही सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने नोडल अधिकारियों को सुनवाई की तारीख पर संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

द्वीपों में पशुधन प्रजनन और डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आनंद, गुजरात के सहयोग से, 'भ्रूण स्थानांतरण प्रौद्योगिकी' में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत, वर्ष 2026 के दौरान भ्रूण स्थानांतरण के चार चरण सफलतापूर्वक पूरे किए गए। द्वीपों के विभिन्न हिस्सों में, चुनी गई उच्च गुणवत्ता वाली 'प्राप्तकर्ता' गायों में कुल 78 भ्रूण स्थानांतरण किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पशुओं से उच्च गुणवत्ता वाली संतानें उत्पन्न कर पशुधन की आबादी में आनुवंशिक सुधार की गति को तेज करना है।

इस पहल से द्वीपों में समग्र दूध उत्पादन को बढ़ाने, पशुधन की आनुवंशिक क्षमता में सुधार करने, किसानों की आय में वृद्धि करने और डेयरी क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की उम्मीद है जिससे पशुपालक किसानों को लाभ और डेयरी विकास को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से आयोजित जिला और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार दक्षिण अंडमान ओपन जिला बैडमिंटन चैम्पियनशिप का आयोजन छह से आठ जून तक, ओपन राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप बीस से तेईस जून और जिला योगा चैम्पियनशिप तेरह और चौदह जून को आयोजित किया जाएगा। संघ ने खिलाड़ियों और प्रतिभागियों से प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है। इन खेलों में ओपन जिला और ओपन राज्य बैडमिंटन चैम्पियनशिप की प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि पांच और उन्नीस जून है जबकि जिला योगा चैम्पियनशिप की अंतिम तिथि बारह जून निर्धारित की गई है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के एक या दो स्थानों पर चार जून तक तेज़ हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना है। हवा की गति चालीस से पचास किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी, जो बढ़कर साठ किलोमीटर प्रतिघंटा हो सकती है। इस दौरान समुद्र अशांत रहेगा मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे दो जून तक समुद्र में न जाए।

<><><><><><><>